राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–38/2024

राज्यपाल भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के अस्थि अवशेषों को लेकर थाईलैंड पहुँचे

पटना, 22 फरवरी, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर आज भगवान बुद्ध और उनके दो प्रमुख शिष्यों– अरिहंत सारिपुत्त एवं अरिहंत मौदग्लयायन के पवित्र अस्थि अवशेषों को लेकर बैंकाक पहुँचे। उनके साथ 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी वहाँ गया है, जिसमें केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ० वीरेन्द्र कुमार शामिल हैं।

इन दिव्य और पावन प्रतीकों के बैंकाक राष्ट्रीय संग्रहालय पहुँचने पर श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ इनका स्वागत किया। थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेठा थाविसिन 23 फरवरी, 2024 को रॉयल पैलेस ग्राउण्ड, सनम लुआंग में इन पावन अवशेषों की पूजा अर्चना करेंगे और तदुपरान्त मक्खा बुचा दिवस पर लोग इनका दर्शन कर सकेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन से भारत और थाईलैंड के बीच सदियों पुराना सांस्कृतिक व आध्यात्मिक संबंध और भी प्रगाढ़ व मजबूत होगा।

.....